# कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास)
## जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
Phone No. 07727-223566, E-Mail ID :- dpobalodabazar@gmail.com


क्रमांक /2102/ मबावि. / स्था. / मि.वा. / 2026 बलौदाबाजार, दिनाँक 30.01.2026

प्रति,

उप संचालक,
जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र
जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग.

विषयः– भर्ती की सूचना जिले में वेबसाईट में अपलोड करने के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं किशोर न्याय बोर्ड अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 02.02.2026 से 16.02.2026 को आवेदन आमंत्रित किया गया है।

उपरोक्तानुसार विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती से संबंधित सम्पूर्ण विज्ञापन, नियम एवं शर्ते एवं आवेदन का प्रारूप जिले के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करेंगे।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग.

पृ. क्र. 2103 / मबावि / स्था / मि.वा. / 2026 बलौदाबाजार, दिनाँक 30.01.2026

प्रतिलिपि :–

01. संचालक संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, इंद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग.

D:\Chandresh\Store letter\letters.docx

Scanned with OKEN Scanner

## //विज्ञापन//

### मिषन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में विज्ञापन

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | संविदा वेतन | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक सह डाटा एण्ट्री आपरेटर – किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार | 01 | 11916 /– | संविदा |
| 2 | आउटरिच वर्कर | 02 | 10592/– | संविदा |

| क्र. | पदनाम | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.जा. | अपिव | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक सह डाटा एण्ट्री आपरेटर – किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 2 | आउटरिच वर्कर | 02 | 01 | 01 | 0 | 02 |

**उपरोक्त पदों पर शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–**

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक सह डाटा एण्ट्री आपरेटर – किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार | कक्षा 12 वी (10+2) द्वारा उत्तीर्ण एवं डाटा एण्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट | हिंदी में 8000 की (key) डिप्रेसन प्रति घंटा की गति | शासकीय/अर्द्ध शासकीय/अशासकीय मान्यता प्राप्त पंजीकृत संस्थान में कार्यानुभव धारी उम्मीदवार को वेटेज दिया जाएगा | अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा में कंप्यूटर का कार्य करने में दक्षता |
| 2 | आउटरिच वर्कर | कक्षा 12 वी (10+2) उत्तीर्ण | अच्छा संचार कौशल | शासकीय/अर्द्ध शासकीय/अशासकीय मान्यता प्राप्त पंजीकृत संस्थान में बाल देखरेख/संरक्षण/पुनर्वास/बाल कल्याण विषय पर कम से कम 01 वर्ष का कार्य अनुभव | अंग्रेजी हिंदी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान |

**निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किया जावें :–**

1. आवेदन पत्र जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कलेक्टोरेट कार्यालय (कक्ष क्रमॉक 01 में) जिला बलौदाबाजार–भाटापारा को प्रेषित करना होगा।
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.02.2026 सायं 05.30 बजे तक कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय तक स्वीकार किये जायेंगे। समयावधि उपरांत आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे।
3. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार के सूचना पटल में एंव जिले के वेबसाईट www.cg.nic.in/balodabazar पर देखा जा सकता है।
4. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किए जाएंगे। **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से स्वीकार होंगें।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का डाक टिकट लगा एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त पदो हेतु नियम व शर्ते :–

01. संविदा नियुक्ति 03 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।

02. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी वेतन/भत्ते की पात्रता नही होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ की पात्रता नही होगी।

03. संविदा पद पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षो में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

04. उपरोक्त सभी पदों हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.01.2026 की स्थिति में न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होगी। छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्र./एफ/2015/1–3/एफ नया रायपुर दिनांक 31.01.2016 अनुसार अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी।

<u>आयु प्रमाणन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज मान्य होंगे :–</u>

- जन्म प्रमाण–पत्र या
- 10वीं की अंक सूची।

05. पदों पर अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया निवास प्रमाण–पत्र ही मान्य किए जावेंगे।

06. आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

07. आवेदकों द्वारा आवेदन में जमा किये जाने वाले अनुभव प्रमाण पत्र, केवल शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत की अवधि के पश्चात् होने पर ही मान्य किया जायेगा।

08. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।

09. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा/होगी। ऐसे मामले में षासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

10. आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही जमा किए जावे। आवेदन के साथ संलग्न किये गये वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित/सत्यापित छायाप्रति संलग्न की जावें ।

11. **<u>अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र, जिसमे कार्यालय का नाम पंजीयन क्रमांक सहित, पता, जावक क्रमॉक, दिनांक, पदनाम, कार्य की प्रकृति तथा अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख हो, आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। उपरोक्तानुसार संलग्न नही करने पर अनुभव अमान्य किया जाएगा।</u>**

12. शासकीय/अर्द्धशासकीय/एन.जी.ओ. में कार्यरत् कर्मचारियों को नियोक्ता के द्वारा जारी किया हुआ अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13. अपूर्ण/अस्पष्ट एव त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रो के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन अमान्य कर दिए जाएंगे।

14. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जायेगा।

15. **<u>अभ्यर्थी को आवेदन के साथ रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।</u>**

16. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता /व्यय भत्ता देय नही होगा।

Scanned with OKEN Scanner

17. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–

| क्र. | पदनाम | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 1 | सहायक सह डाटा एण्ट्री आपरेटर – किशोर न्याय बोर्ड, बलौदाबाजार | 1.वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का weightage देते हुए अधिकतम 80 अंक।<br>2.पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 02 अंक प्रदान किए जाएंगें। अनुभव पर अधिकतम 10 अंक दिए जाएंगे।<br>3.कौशल परीक्षा पर 10 अंक निर्धारित रहेंगें। कौशल परीक्षण संबंधित परीक्षा में अभ्यर्थी को 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अन्यथा कंप्यूटर आपरेटर हेतु पात्रता नही होगी। |
| 2 | आउटरिच वर्कर | 1.वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का weightage देते हुए अधिकतम 80 अंक।<br>2.पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 02 अंक प्रदान किए जाएंगें। अनुभव पर अधिकतम 10 अंक दिए जाएंगे।<br>3.कौशल परीक्षा/साक्षात्कार पर 10 अंक निर्धारित रहेंगें। |

18. सहायक सह डाटा एण्ट्री आपरेटर पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंको की मेरिट सूची के आधार पर अधिकतम 5 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु चयनित किया जाएगा।

19. **प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति मे कलेक्टर जिला बलौदाबाजार–भाटापारा का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।**

20. पात्र एवं मेरिट अभ्यर्थी को नियुक्ति संबंधी सूचना दूरभाष एवं ई–मेल के माध्यम् से भी दी जाएगी। अतः आवेदन में ईमेल आईडी एवं मोबाईल नंबर स्पष्ट रूप से भरा जाये।

21. अभ्यर्थियों के समान अंक होने की स्थिति में जन्म दिनांक के आधार पर वरिष्ठ अभ्यर्थि को अवसर प्रदान किया जावेगा।

22. चयनित अभ्यर्थी को चयन किए जाने के पश्चात् 01 माह के अंदर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाकर फिटनेस प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य परीक्षण मे अयोग्य पाए जाने पर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जावेंगी।

23. चयनित अभ्यर्थी के द्वारा जारी आदेश के 15 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार में आवश्यक मूल दस्तावेज के साथ पदभार ग्रहण करना होगा। निर्धारित तिथि तक पदभार ग्रहण नही करने की दशा में नियुक्ति स्वमेव निरस्त हो जावेगी ।

24. चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति से पूर्व पुलिस द्वारा पृष्ठभूमि का सत्यापन कराना अनिवार्य है। पदभार ग्रहण करने के समय प्रमाण पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

25. कंप्यूटर अर्हता के निम्नांकित को ही सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.एफ–9–4/2015/1/3 दिनांक 23.01.2025 के अनुसार मान्यता है:–

- मान्यता प्राप्त आईटीआई से कंप्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टीफिकेट।
- मान्यता प्राप्त बोर्ड आफ टेक्नोलॉजी एजुकेषन/राज्य तकनीकी विष्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कंप्यूटर साईंस/इनफारमेशन टेक्नोलॉजी/मार्डन आफिस मैनेजमेंट का डिप्लोमा (02 वर्ष से अन्यून)
- वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा/डीम्ड यूनिवर्सिटी/इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय/भोज विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कंप्यूटर साईंस/इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी/कंप्यूटर एप्लीकेशन में पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि ।

**टीप :– उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाए माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमॉक 19668/2022के अंतिम आदेश के आधीन होगी।**
**(प्रारूप चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग.

Scanned with OKEN Scanner

# मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई के संविदा पद हेतु आवेदन पत्र

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए।चस्पा करें

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग.

1. आवेदित पद का नाम :– ..........................................................
2. आवेदिका का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................
   (अंग्रेजी में केपिटल लेटर में) :– ..........................................................
3. पिता / पति का नाम :– ..........................................................
4. जन्मतिथि (अंको में) :– ..........................................................
   (शब्दों में) :– ..........................................................
5. स्थायी पता :– ..........................................................
6. (पत्र व्यवहार का पता) :– ..........................................................

   दूरभाष / मोबाइल..........................................................
7. दिनांक 01.01.2026 को आयु :– वर्ष..................माह..................दिन..........................
8. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है :– ..........................................................
9. हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें :– ..........................................
10. वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) :– जाति ................................वर्ग ...............................
   (जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
11. क्या आवेदक शासकीय / अर्ध्दशासकीय संस्था में सेवारत है :– ..................................................
12. विवाहित / अविवाहित / विधुर / परित्यक्ता :– ..........................................................
13. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि :– ..........................................................
   एवं जीवित बच्चों की संख्या
14. शैक्षणिक योग्यता:– (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापति प्रति संलग्न करें)

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

15. अन्य योग्यता का विवरण :– ..................................................

16. अनुभव प्रमाण पत्र (संलग्न हां/नही :– ..................................................

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण (कब से कब तक) | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

17. आवेदक द्वारा अनिवार्य संलग्नों की सूची :–

1. जन्मतिथि हेतु 10वीं की अंकसूची।
2. 12वी की अंकसूची।
3. स्नातक की अंकसूची।
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर संलग्न करें)
5. जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र।
6. रोजगार पंजीयन की प्रति।
7. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का प्रमाण पत्र।
8. पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर आईडी इत्यादि।
9. एक लिफाफा जिसमें स्वयं का पता लिखा व 10 रू. का डाक टिकट सहित।

- संलग्नों का विवरण–

1. .................................................. 6. ..................................................
2. .................................................. 7. ..................................................
3. .................................................. 8. ..................................................
4. .................................................. 9. ..................................................
5. .................................................. 10. ..................................................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

## घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :–......................

दिनांक :–....................

Scanned with OKEN Scanner